# यूपीएससी प्रारंभिक अभ्यास प्रश्न - सेट 4

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन से देश सात देशों के समूह (G7) के सदस्य नहीं हैं?

1. रूस
2. कनाडा
3. जापान
4. भारत
5. ऑस्ट्रेलिया

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1, 2 और 4
b) 1, 2, 4 और 5
c) 1, 4 और 5
d) 4 और 5

प्रश्न 2. हाल ही में ख़बरों में रहे करेन और कचिन राज्य किस्से संबंधित हैं?

a) अफ़ग़ानिस्तान
b) आर्मीनिया
c) ईरान
d) म्यांमार

प्रश्न 3. भारत सरकार (व्यापारिक लेनदेन) नियम, 1961 और भारत सरकार (व्यवसाय का आवंटन) नियम, 1961 के प्रशासन के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है?

a) प्रधानमंत्री कार्यालय
b) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
c) मंत्रिमंडल सचिवालय
d) लोकसभा सचिवालय

प्रश्न 4. मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह एक स्वतंत्र सत्यापन प्रिंटर मशीन है और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से जुड़ी होती है।
2. VVPAT मशीनों को मतदाताओं द्वारा किसी भी खराबी को इंगित करने के लिए एक्सेस किया जा सकता है।
3. 2013 में, सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से EVM में पेपर ट्रेल आरंभ करने के लिए कहा था।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 1 और 3

d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 5. गोदना (tattooing) के माध्यम से निम्न में से कौन सी बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है?

1. चिकनगुनिया
2. हेपेटाइटिस B
3. एचआईवी-एड्स

निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 6. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामस्वरूप उत्पन्न शरणार्थी संकट का समाधान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त कार्यालय (UNHCR) 1950 में स्थापित किया गया था।
2. अपने कार्य की मान्यता में, UNHCR एक से अधिक बार नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाला एकमात्र संगठन है।
3. यह संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समूह UNSDG का सदस्य है, जो सतत विकास के लिए समर्पित संगठनों का संघ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 1 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 7. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. NHRC एक स्वतंत्र वैधानिक निकाय है जिसे 1993 में पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप स्थापित किया गया था।
2. NHRC के पास मानवाधिकारों के उल्लंघन के किसी भी अभियोग को शामिल करने वाली न्यायिक कार्यवाही में हस्तक्षेप करने की शक्ति है।
3. मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोपों की जांच के लिए NHRC की एक विशेष शाखा है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 8. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यदि किसी पंजीकृत राजनीतिक दल से संबंधित उम्मीदवार की मतदान की शुरुआत होने से पहले मृत्यु हो जाती है तो उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव को स्थगित कर दिया जाता है।
2. यदि किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र में मतदान स्थगित किया जाता है, तो आदर्श आचार संहिता तुरंत ही समाप्त कर दी जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 9. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (ओपेक) 1960 में बगदाद सम्मेलन में गठित एक स्थायी, अंतर सरकारी संगठन है।
2. कतर ओपेक की सदस्यता छोड़ने वाला नवीनतम देश है।
3. वर्तमान में, संगठन में कुल 23 सदस्य देश हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 10. कार्ल मार्क्स ने वर्ग संघर्ष की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किस सिद्धांत की मदद से समझाया है?

a) आनुभविक उदारवाद
b) अस्तित्ववाद
c) डार्विन का विकासवाद सिद्धांत
d) द्वंद्वात्मक भौतिकवाद

प्रश्न 11: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सेल्फ-ड्राइविंग कार 4G की तुलना में 5G के कई संभावित लाभों में से एक है।
2. 4G के साथ विलंबता (latency) कम हुई है, लेकिन 5G इसे लगभग शून्य कर देगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2

c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 12. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. मनरेगा मजदूरी की गणना उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक अर्थात CPI-AL के आधार पर की जाती है।
2. वित्तीय वर्ष-21 में, 11 करोड़ लोगों को योजना के तहत कार्य का आवंटन किया गया था, जो कि 2006 में इसके क्रियान्वयन के बाद से उच्चतम था।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 13. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. गुजराल सिद्धांत भारत के निकट पड़ोसियों के साथ विदेशी संबंधों के संचालन के लिए सात सिद्धांतों का एक समूह है।
2. गुजराल सिद्धांत सहयोग, समझौता और पारस्परिकता के सिद्धांतों पर आधारित है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 14.

1. राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) संविधान के अनुच्छेद 350-B के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
2. NCW में एक अध्यक्ष, एक सदस्य सचिव और 11 अन्य सदस्य होते हैं।
3. NCW के पास जेल और सुधार गृहों का निरीक्षण करने की शक्ति है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहाँ रहने वाली महिलाओं का शोषण न हो क्योंकि वे असुरक्षित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 15. नागर, द्रविड़ और वेसर हैं-

a) भारतीय उपमहाद्वीप के तीन मुख्य जातीय समूह
b) तीन मुख्य भाषा वर्ग जिसमें भारत की भाषाओं को विभक्त किया जा सकता है
c) भारतीय मन्दिर वास्तु की तीन मुख्य शैलियाँ
d) भारत में प्रचलित तीन मुख्य संगीत घराने

प्रश्न 16.इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निम्नलिखित में से कौन सा निर्णय दिया था?

1. आर्थिक पिछड़ापन आरक्षण प्रदान करने का आधार नहीं है।
2. आरक्षण केवल भर्ती के समय प्रदान किया जा सकता है, न कि पदोन्नति के समय।
3. किसी भी परिस्थिति में आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता, क्योंकि इसकी आवश्यकता प्रशासन में "दक्षता" सुनिश्चित करने के लिए थी।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 17. संविधान (102 संशोधन) अधिनियम, 2018 संबंधित है:

a) आंग्ल भारतीयों को दिया गया राजनैतिक आरक्षण वापस लेना।
b) पिछड़े वर्ग के लिए राष्ट्रीय आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान करना।
c) अनारक्षित श्रेणी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिशत आरक्षण।
d) वस्तु एवं सेवा कर का क्रियान्वयन।

प्रश्न 18. निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. सैन्य मामलों के विभाग (DMA) का नेतृत्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) द्वारा इसके पदेन सचिव के रूप में किया जाता है।
2. थल सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों को सैन्य मामलों के विभाग (DMA) में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात किया जाता है।
3. सैन्य मामलों का विभाग (DMA) सीधे प्रधानमंत्री के नियंत्रण में एक स्वतंत्र विभाग है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 19.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. एमआरआई (Magnetic Resonance Imaging-MRI) में रेडियो तरंगों का उपयोग किया जाता है और सीटी स्कैन (Computed Tomography-CT) में एक्स-रे का उपयोग किया जाता है।
2. सीटी स्कैन रक्त के थक्कों का पता लगा सकता है जबकि एक्स-रे नहीं लगा सकता।

उपर्युक्त कथन/कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 20.ब्रह्म समाज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. इसने मूर्तिपूजा का विरोध किया।
2. इसने धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या के लिए एक पुरोहित वर्ग की आवश्यकता से इनकार किया।
3. इसने इस सिद्धांत को लोकप्रिय बनाया कि वेद अकाट्य हैं।

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 21. यूरेनियम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं?

1. यह दुर्बल रेडियोधर्मी है क्योंकि यूरेनियम के सभी समस्थानिक अस्थायी होते हैं।
2. भारत में, भारत सरकार के अधीन केवल सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को यूरेनियम जैसे परमाणु खनिजों का पता लगाने और उनके खनन की अनुमति है।
3. यूरेनियम का सबसे बड़ा भंडार चीन, दक्षिण अफ्रीका और अर्जेंटीना में पाया जाता है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 22. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| बाघ अभयारण्य | राज्य |
|---|---|
| 1. अन्नामलाई बाघ अभयारण्य | तमिलनाडु |

2. सतकोसिया बाघ अभयारण्य ओडिशा
3. पीलीभीत बाघ अभयारण्य पश्चिम बंगाल

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 23. डार्विन बंदरगाह के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण पश्चिमी तट पर स्थित एक बंदरगाह है।
2. अमेरिका के स्वामित्व वाले लैंडब्रिज समूह ने डार्विन बंदरगाह की लीज़ को हासिल कर लिया था और यह बंदरगाह संयुक्त राज्य अमेरिका तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच वार्षिक नौसैन्य अभ्यास की मेजबानी करता है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 24. हाल ही में चर्चा में रहा दहला बांध किस देश में स्थित है?

a) ईरान
b) पाकिस्तान
c) तजाकिस्तान
d) अफ़ग़ानिस्तान

प्रश्न 25. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका उद्देश्य समान अवसर के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करना है।
2. यह पूरे देश में कानूनी कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू करने के लिए राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों के लिए दिशानिर्देश जारी करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 26.निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है?

1. केवल पुडुचेरी और दिल्ली विधानसभा वाले दो केंद्र शासित प्रदेश (UT) हैं।
2. ये केंद्र शासित प्रदेश केवल राज्य सूची में वर्णित किसी भी विषय पर कानून बना सकते हैं।
3. राष्ट्रपति केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक उच्च न्यायालय स्थापित कर सकते हैं या उसे समीपवर्ती राज्य के उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रख सकते हैं।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2
d) कोई नहीं

प्रश्न 27.हाल ही में चर्चा में रहा काबसुरा कुदिनेर है

a) सिद्धा चिकित्सकों द्वारा श्वसन तंत्र के प्रबंधन के लिए उपयोग किया जाने वाला सूत्रीकरण।
b) तंत्रिका पुनर्जनन के लिए आयुर्वेदिक औषधि।
c) मधुमेह के प्रबंधन के लिए आयुर्वेदिक सूत्रीकरण।
d) आयुर्वेदिक जड़ी बूटी जो रक्त शोधक और डिटॉक्सिफायर के रूप में कार्य करती है।

प्रश्न 28.दृश्य सीमा से परे (Beyond Visual Line of Sight-BVLOS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. दृश्य सीमा से परे उड़ान भरने वाले ड्रोन ऑन-बोर्ड उपकरणों द्वारा प्रदान किए गए डेटा द्वारा नियंत्रित होते हैं।
2. BVLOS के लिए एक ड्रोन की तैनाती की लागत कई अन्य तरीकों जैसे कि मानवयुक्त हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज से अधिक है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 29.हाजोंग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. हाजोंग मुख्यतः बौद्ध हैं और वे हाजोंग बोलते हैं, जो एक इंडो-आर्यन भाषा है।
2. हाजोंग अपने सामाजिक समूह से बाहर विजातीय विवाह करने वाले लोग हैं।

विकल्प:

a) केवल 1

b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 30.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. भारत ने विश्व व्यापार संगठन के व्यापार सुविधा समझौते (TFA) की पुष्टि की है।
2. TFA 2013 के विश्व व्यापार संगठन के बाली मंत्रिस्तरीय पैकेज का एक हिस्सा है।
3. TFA जनवरी 2016 में लागू हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
a) केवल 1 और 2
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 31. गोपाल कृष्ण गोखले के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
1. वे 1905 में कांग्रेस के बनारस अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष बने।
2. उन्हें महात्मा गांधी ने अपना राजनीतिक गुरु माना था।
3. उन्होंने मराठी में एक साप्ताहिक समाचार पत्र, द हितवाद, की शुरुआत की।

नीचे से सही विकल्प चुनें:
a) केवल 1
b) केवल 2
c) केवल 1 और 2
d) उपरोक्त सभी

प्रश्न 32. 'धर्मात्मा गोखले' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से गलत है/हैं?
1. यह बाल गंगाधर तिलक द्वारा गोपाल कृष्ण गोखले को श्रद्धांजलि के रूप में लिखी गई पुस्तक थी।
2. यह संस्कृत में लिखी गई थी।

विकल्प:
a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 33. रबींद्रनाथ टैगोर के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से गलत है/हैं?
a) रवींद्रनाथ टैगोर को गीतांजलि के लिए 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

b) 1874 में, टैगोर की कविता अभिलाष को तत्वबोधिनी नामक पत्रिका में गुमनाम रूप से प्रकाशित किया गया था।
c) 1905 में, बंगाल के विभाजन के बाद, टैगोर ने अपनी नाइटहुड की उपाधि को त्याग दिया था।
d) 1921 में, रवींद्रनाथ टैगोरने विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना की।

प्रश्न 34. निम्नलिखित में से कौन सा संशोधन 2020 में विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA) के लिए किया गया था?

1. विदेशी अंशदान को केवल भारतीय स्टेट बैंक की दिल्ली शाखा में बैंक द्वारा "FCRA खाते" के रूप में निर्दिष्ट खाते में ही प्राप्त किया जा सकता है।
2. सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए FCRA प्रमाण पत्र को नवीनीकृत करने से पहले एक जांच का आयोजन कर सकती है कि आवेदन करने वाला व्यक्ति धार्मिक परिवर्तन के उद्देश्य से गतिविधियों में लिप्त नहीं है।
3. एक व्यक्ति जो विदेशी अंशदान प्राप्त करता है, वह प्रशासनिक खर्चों को पूरा करने के लिए अंशदान के 20% से अधिक का उपयोग नहीं कर सकता है।

नीचे से सही विकल्प चुनें:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) उपरोक्त सभी

प्रश्न 35. निम्नलिखित क्षेत्रों पर विचार करें:

1. बांदीपुर
2. भितरकनिका
3. मानस
4. सुंदरबन

उपरोक्त में से कौन सा टाइगर रिजर्व हैं?

a) 1 और 2 केवल
b) 1, 3 और 4 केवल
c) 2, 3 और 4 केवल
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 36. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. PMGKAY कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में गरीबों की मदद करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (PMGKP) का एक भाग है।

2. इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कवर किए गए प्रत्येक परिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से पहले से प्रदान किए जा रहे 5 किलोग्राम अनुदानित खाद्यान्न के अतिरिक्त 5 किलोग्राम अनाज (गेहूं या चावल) मुफ्त में प्रदान करना है।
3. केंद्र सरकार और राज्य सरकारें 90:10 के अनुपात में राज्यान्तरिक परिवहन के व्यय के बोझ को साझा करेगी।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 2 और 3
d. उपर्युक्त सभी

प्रश्न 37: तंजौर चित्रों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ये ज्यादातर कपड़े और वेलम पर चित्रित किए जाते हैं।
2. ये सुनहरे पत्तों के उदार उपयोग को निरूपित करते हैं।
3. भगवान कृष्ण और उनका जीवन इन चित्रों का प्रमुख विषय है।

निम्नलिखित विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 38. निम्नलिखित में से कौन से भारतीय तट रक्षक के 'चार्टर ऑफ ड्यूटीज' के भाग हैं?

1. कृत्रिम द्वीपों और अपतटीय संस्थापनाओं की सुरक्षा और संरक्षण
2. मछुआरों का संरक्षण
3. समुद्र में संकट के समय मछुआरों की सहायता
4. समुद्री पर्यावरण का संरक्षण और परिरक्षण
5. समुद्री प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1, 2 और 3
b) 1, 2, 3 और 4
c) 2, 3 और 5
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. जल जीवन मिशन को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की साझेदारी में 2034 तक प्रत्येक ग्रामीण घर को सुरक्षित नल जल उपलब्ध कराने के लिए क्रियान्वित किया जा रहा है।
2. पुडुचेरी हर घर में नल द्वारा जल कनेक्शन सुनिश्चित करके 'हर घर जल' के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है।
3. जल जीवन मिशन के लिए RLB/PRIs को जल और स्वच्छता के लिए 15वें वित्त आयोग के बंधित अनुदान के तहत निश्चित निधि उपलब्ध कराई गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 40. जल शुद्धीकरण प्रणालियों में पराबैंगनी (UV) विकिरण की क्या भूमिका है?

1. यह जल में उपस्थित हानिकारक सूक्ष्मजीवों को निष्क्रिय/नष्ट कर देती है।
2. यह जल से सभी अवांछनीय गंधों को दूर कर देती है।
3. यह जल में उपस्थित ठोस कणों के अवसादन को तेज करती है, गंदगी दूर करती है और जल की निर्मलता में सुधार लाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 41.प्रायः चर्चा में रहने वाले और 'बिग थ्री' के रूप में संदर्भित किए जाने वाले S&P, मूडीज और फिच क्या हैं?

a) बहुराष्ट्रीय निजी बैंक
b) कानूनी परामर्श फर्म
c) क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां
d) ऋण देने वाली बहुपक्षीय संस्थाएँ

प्रश्न 42. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में चक्रवाती गतिविधि अपेक्षाकृत कम प्रबल होती है।
2. बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न होने वाले चक्रवातों की तुलना में अरब सागर के चक्रवात अपेक्षाकृत कमजोर होते हैं।
3. एक वर्ष के दौरान अरब सागर में उत्पन्न होने वाले चक्रवातों की संख्या बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न होने वाले चक्रवातों की संख्या के लगभग बराबर होती है।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2, और 3

प्रश्न 43. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) एक स्वायत्त और वैधानिक निकाय है जो देश और अंतर-देश गोद लेने की निगरानी और विनियमन का कार्य करता है।
2. 1993 के हेग कन्वेंशन ऑन प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन एंड को-ऑपरेशन इन द रिस्पेक्ट ऑफ़ इंटरकंट्री एडॉप्शन पर भारत द्वारा हस्ताक्षर करने के बाद से CARA सभी अंतर-देशीय गोद लेने के लिए 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है।
3. भारत बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का भी हस्ताक्षरकर्ता है।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 44. निम्नलिखित में से कौन होर्मुज जलडमरूमध्य के क्रमशः पश्चिम और पूर्व में स्थित है?

a) फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी
b) अरब सागर और ईरान
c) सऊदी अरब और कुवैत
d) ईरान और कतर

प्रश्न 45. निम्नलिखित में से कौन से देश इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) के सदस्य हैं?

1. सऊदी अरब
2. पाकिस्तान
3. भारत
4. तुर्की

a) केवल 1 और 2
b) केवल 1, 2 और 3
c) केवल 1, 2 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 46. बोल्शेविक पार्टी और उसकी क्रांति का संबंध किस देश से था?

a) फ्रांस

b) रूस
c) वेनेजुएला
d) तुर्की

प्रश्न 47. कौन से राज्य/केंद्र शासित प्रदेश कावेरी नदी विवाद में शामिल हैं?
1. कर्नाटक
2. तमिलनाडु
3. केरल
4. पुदुचेरी
5. आंध्र प्रदेश
a) केवल 1 और 2
b) केवल 1, 2 और 3
c) केवल 1, 2, 3 और 4
d) केवल 1, 2, 4 और 5

प्रश्न 48. इजराइल का आयरन डोम क्या है?
a) एक पवित्र धार्मिक स्थल, जो फिलिस्तीनी मुसलमानों और इजराइली यहूदियों दोनों द्वारा पूजनीय है।
b) ईरान के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को लक्षित करने के लिए इजराइली खुफिया एजेंसी द्वारा विकसित एक उन्नत साइबर हथियार।
c) गतिशील सभी मौसम में कार्यरत वायु रक्षा प्रणाली जो छोटी दूरी के रॉकेट और तोपखाने को अवरोधित और नष्ट करने के लिए निर्मित किया गया है।
d) गाजा पट्टी में हमास के आतंकवादियों तक आवश्यक आपूर्ति को रोकने के लिए इजराइली नौसेना द्वारा गाजा पट्टी की नाकाबंदी।

प्रश्न 49. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
1. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (NSO) द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है।
2. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) एक संदर्भित समय अवधि की तुलना में किसी निश्चित अवधि के लिए औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन की स्थिति को निरूपित करता है।
a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 50. कभी-कभी चर्चा में रहने वाले 'घटना क्षितिज'(Event Horizon), 'विलक्षणता(Singularity)', 'स्ट्रिंग सिद्धांत' और 'मानक मॉडल(Standard Model)' शब्द किसको संदर्भित करते हैं?

a) ब्रह्मांड का अवलोकन और समझ
b) सौर और चंद्र ग्रहण का अध्ययन
c) उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करना
d) पृथ्वी पर रहने वाले जीवों की उत्पत्ति और विकास

प्रश्न 51. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है।
2. इसके क्रियान्वयन में राज्यों की कोई भूमिका नहीं है, यह पूरी तरह से केंद्र द्वारा संचालित किया जाता है।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 52. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. म्यूकोरमाइकोसिस एक कवकीय संक्रमण (fungal infection) है जो म्यूकोरमाइसेट्स नामक फफूंद के समूह के कारण होता है।
2. कमजोर प्रतिरक्षा, अनियंत्रित मधुमेह, स्टेरॉयड उपचार को जोखिम कारक माना जाता है।
3. इसे आमतौर पर ब्लैक फंगस के रूप में जाना जाता है और कोविड-19 से ठीक होने वाले रोगियों में इस संक्रमण को देखा गया है।

a) a.केवल 1
b) b.केवल 1 और 2
c) c.केवल 3
d) d.1, 2 और 3

प्रश्न 53. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान के लिए किसको 'दीनबंधु' के रूप में संदर्भित किया गया था?

a) बाल गंगाधर तिलकी
b) चार्ल्स फ्रीर एंड्रयूज
c) ज्योतिराव गोविंदराव फुले
d) मदन मोहन मालवीय

प्रश्न 54. राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) का क्या उद्देश्य है?

a) स्थानीय और स्वदेशी जनजातियों की पहचान करना और उन्हें बाहरी लोगों से अलग करना
b) सभी नागरिकों का कानूनी दस्तावेज बनाना ताकि अवैध प्रवासियों की पहचान की जा सके

c) पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे लोगों को पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराना
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत का अधिकांश विदेशी ऋण सरकारी सत्वों के ऋणी होने के द्वारा है।
2. भारत का सारा विदेशी ऋण अमेरिकी डॉलर मूल्यवर्ग में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न56. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह केंद्र द्वारा 100 प्रतिशत वित्त पोषित योजना है जिसके अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को एक वर्ष में 6,000 रुपए तीन समान किस्तों में हस्तांतरित किए जाते हैं।
2. योजना के अंतर्गत लाभ हेतु पात्र भूमिधारक किसान परिवार की पहचान करने और पात्र लाभार्थियों के डेटा को पीएम-किसान पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन की है।
3. योजना के अंतर्गत, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को इसके क्रियान्वयन से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए शिकायत निवारण समितियाँ गठित करने की आवश्यकता है।
4. राज्यों द्वारा प्राप्त/निपटाए गए शिकायतों के डेटा का रखरखाव केंद्रीय रूप से किया जाता है।

विकल्प:

a) 1, 2 और 3
b) 1, 2 और 4
c) 1 और 4
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 57.निम्नलिखित में से किसे कछुओं की देशज प्रजातियों की तुलना में लाल-कान वाले स्लाइडर का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ माना जा सकता है:

1. कम आयु में परिपक्वता
2. उच्च प्रजनन क्षमता
3. वयस्क शरीर का बड़ा आकार

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2

c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 58.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत में लाल-कान वाले स्लाइडर का अवैध व्यापार होता है।
2. विदेशी पालतू कछुओं को प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में निरंतर मुक्त करने से देशज प्रजातियों में परजीवी संचरण का खतरा बढ़ जाता है।
3. अपनी सर्वाहारी प्रवृत्ति और विभिन्न आवासों के प्रति अनुकूल होने की क्षमता के कारण, लाल-कान वाले स्लाइडर में स्थानीय आवासों को प्रभावित करने की व्यापक क्षमता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) केवल 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अफ्रीकी वन हाथी
2. अफ्रीकी सवाना हाथी
3. एशियाई हाथी

उपर्युक्त में से किसे/ किन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 1 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 60. भारत में, यदि किसी धार्मिक संप्रदाय/समुदाय को "राष्ट्रीय अल्पसंख्यक का दर्जा" दिया जाता है, तो वह किस विशेष लाभ का हकदार होता है?

1. यह विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और प्रशासन कर सकता है।
2. भारत के राष्ट्रपति स्वतः ही इस समुदाय के एक प्रतिनिधि को लोकसभा के लिए मनोनीत करते हैं।
3. यह प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम से लाभ प्राप्त कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3

c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत ने औपचारिक रूप से 1992 में इज़राइल को तब मान्यता दी जब भारत और इज़राइल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हुए।
2. किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजरायल की आधिकारिक यात्रा नहीं की है।
3. भारत ने कभी भी संयुक्त राष्ट्र या उसकी किसी समिति में इज़राइल के समर्थन में मतदान नहीं किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 1 और 3
d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 62. निम्नलिखित में से कौन सा/से हथियार भारत ने इजराइल से खरीदा/खरीदे है/हैं?

1. हेरॉन
2. स्पाइडर
3. चिनूक
4. पाइथन

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 1, 2 और 3
d) 1, 2 और 4

प्रश्न 63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का एक सलाहकार निकाय है।
2. अंतर-देशीय गोद लेने के नियमों से निपटने के लिए CARA को केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में नामित किया गया है।
3. भारत ने अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण पर हेग अभिसमय, 1993 की पुष्टि नहीं की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2

c) केवल 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 64. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा मिन्स्क समझौते का सबसे अच्छा वर्णन है?

1. राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग (NTC) 2019 में गठित न्यायाधिकरणों की निगरानी और प्रशासन के लिए जिम्मेदार एक स्वतंत्र स्वायत्त निकाय है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने रोजर मैथ्यू मामले (2019) में NTC की स्थापना का सुझाव दिया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 65. निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान तैरती हुई वनस्पति के साथ एक दलदल होने में अद्वितीय है जो एक समृद्ध जैव विविधता का समर्थन करता है?

a) भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान
b) कीबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान
c) केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान
d) सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान

प्रश्न 66. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिएः

| आतंकवादी समूह | क्षेत्र |
|---|---|
| 1. अल-बद्र | पश्चिम अफ्रीका |
| 2. अल-शबाब | पूर्वी अफ्रीका |
| 3. बोको हराम | नाइजीरिया |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a) केवल 1 और 3
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 67. किसी राज्य में एक नया जिला बनाने के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. नए जिले बनाने या मौजूदा जिलों को बदलने या समाप्त करने की शक्ति केंद्रीय गृह मंत्रालय की सहमति से राज्य सरकार के पास है।
2. इसे केवल राज्य विधानसभा में कानून पारित करके बदला जा सकता है

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 68. हाल ही में चर्चा में रहा फरजाद-बी गैस क्षेत्र (Farzad B gas field) कहाँ स्थित है?

a) कतर
b) तजाकिस्तान
c) ईरान
d) अज़रबैजान

प्रश्न 69. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. WPI- आधारित मुद्रास्फीति का उपयोग सरकार द्वारा राजकोषीय, व्यापार और अन्य आर्थिक नीतियों को तैयार करने में किया जाता है।
2. कोर मुद्रास्फीति एक अर्थव्यवस्था में कुल मुद्रास्फीति होती है।
3. वर्ष 2015-2016 थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के लिए आधार वर्ष है

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 1
c) केवल 2
d) केवल 2 और 3

प्रश्न 70. राज्य के नीति निदेशक तत्वों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सिद्धांत देश में सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की व्याख्या करते हैं।
2. इन सिद्धांतों में निहित प्रावधान किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 71. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा मिन्स्क समझौते का सबसे अच्छा वर्णन है?

a) यह पूर्वी यूक्रेन में संघर्ष के समाधान के लिए यूक्रेन और रूस के बीच एक समझौता है।

b) यह जर्सी द्वीप के आसपास के जल क्षेत्र तक पहुंच संबंधी विवाद को सुलझाने के लिए इंग्लैंड और फ्रांस के बीच एक समझौता है।
c) यह नागोर्नो-कराबाख संघर्ष को हल करने के लिए आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच एक समझौता है।
d) यह रूस और मध्य तथा पूर्वी यूरोप के सात अन्य देशों के बीच एक सामूहिक रक्षा संधि है।

प्रश्न 72. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

1. केर्च जलडमरूमध्य - अज़ोव सागर के साथ काला सागर
2. मेसिना जलडमरूमध्य - आयोनियन सागर के साथ तिरहेनियन सागर
3. डोवर जलडमरूमध्य - इंग्लिश चैनल के साथ उत्तरी सागर

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 73. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. आयोग के पास यह जाँच करने के लिए स्वत: संज्ञान शक्ति है कि क्या किसी प्रतिस्पर्धा-विरोधी समझौता या उद्यमों द्वारा प्रमुख स्थिति के दुरूपयोग के कारण प्रतिस्पर्धा पर महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है या पड़ने की संभावना है।
2. यह एक अर्ध-न्यायिक निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 74. सूचना का अधिकार अधिनियम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. सूचना के लिए अनुरोध करने वाले आवेदक को सूचना का अनुरोध करने के लिए कोई कारण या अन्य व्यक्तिगत विवरण बताने की आवश्यकता नहीं होगी।
2. अधिनियम की दूसरी अनुसूची में निर्दिष्ट खुफिया और सुरक्षा संगठनों को सभी मामलों में सूचना प्रदान करने से छूट दी गई है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2

c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 75. मुद्रास्फीति की दर में तेजी से वृद्धि को कभी-कभी "आधार प्रभाव" के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। "आधार प्रभाव" क्या है?

a) यह फसलों की विफलता के कारण आपूर्ति में भारी कमी का प्रभाव है।
b) यह तेजी से आर्थिक विकास के कारण मांग में वृद्धि का प्रभाव है।
c) यह मुद्रास्फीति दर की गणना पर पिछले वर्ष के मूल्य स्तरों का प्रभाव है।
d) उपर्युक्त कोई भी कथन (a), (b) और (c) इस संदर्भ में सही नहीं है।

प्रश्न 76. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) एक अतिरिक्त संवैधानिक निकाय है।
2. NH 1 दिल्ली से अमृतसर को जोड़ता है।
3. NH 7 भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 77. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. एजेंसी को भारत के बाहर किए गए अपराधों की जांच करने की अनुमति है।
2. NIA राज्यों से अनुमति लिए बिना देश भर में आतंकी मामलों की जांच कर सकती है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 78. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा <u>गलत</u> है?

a) ISA सौर संसाधन संपन्न देशों का एक गठबंधन है जो पूरी तरह से या आंशिक रूप से कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच स्थित है।
b) यह पहला पूर्ण संधि आधारित अंतर्राष्ट्रीय अंतर सरकारी संगठन है जिसका मुख्यालय भारत में है।
c) ISA सदस्यता उन देशों तक सीमित है, जो आंशिक रूप से या पूरी तरह से उष्ण कटिबंध के भीतर स्थित हैं।
d) निकाय को इसके सदस्यों और भागीदार देशों द्वारा स्वैच्छिक योगदान द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

प्रश्न 79. आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (CDRI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. CDRI को संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्य योजना शिखर सम्मेलन में यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. CDRI का सचिवालय मैड्रिड में स्थित है।
3. पहले पांच वर्षों के लिए प्रमुख लागतों को कवर करने के लिए अनुमानित वित्त आवश्यकताओं का एक बड़ा भाग जर्मनी और फ्रांस द्वारा निवेश किया गया था।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 3
c) कोई नहीं
d) केवल 1 और 3

प्रश्न 80. जोखिम पूंजी (venture capital) का क्या अर्थ है?

a) उद्योगों को प्रदान की जाने वाली अल्पकालिक पूंजी
b) नए उद्यमियों को प्रदान की गई दीर्घकालिक प्रारंभिक पूंजी
c) उद्योगों को हानि उठाते समय प्रदान की गई धनराशि
d) उद्योगों के प्रतिस्थापन और नवीनीकरण के लिए प्रदान की गई धनराशि

प्रश्न 81. रंग-आधारित नोटिस जैसे लाल, नीला, हरा, पीला आदि किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा जारी किए जाते हैं?

a) विश्व व्यापार संगठन
b) विश्व बैंक
c) इंटरपोल
d) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

प्रश्न 82. प्रायः चर्चा में रहने वाला कैरीकॉम (CARICOM) क्या संदर्भित करता है?

a) भारतीय छात्रों द्वारा विकसित निजी संचार उपग्रह
b) कैरेबियाई देशों को निरूपित करने वाला क्षेत्रीय संगठन
c) आपदा जोखिम में कमी के लिए संयुक्त राष्ट्र का वित्तपोषण तंत्र
d) नाटो देशों की खुफिया जानकारी एकत्रित करने और साझा करने की व्यवस्था

प्रश्न 83. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. रवींद्रनाथ टैगोर वैचारिक रूप से असहयोग आंदोलन के विरोधी थे।
2. उन्होंने एक निबंध 'द कल्ट ऑफ द चरखा' लिखा जिसने "चरखा-कताई" की गांधीवादी नैतिकता की एक ऐसी गतिविधि के रूप में आलोचना की, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भारतीय जनता को जीवंत कर सकती थी।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 84. 'द स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट' किसके द्वारा जारी की गई है?

a) विश्व मौसम विज्ञान संगठन
b) संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन ढांचागत सम्मेलन
c) जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल
d) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

प्रश्न 85. किसी दिए गए वर्ष में भारत में कुछ राज्यों में आधिकारिक गरीबी रेखाएँ अन्य राज्यों की तुलना में उच्चतर हैं, क्योंकि-

a) गरीबी की दर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है।
b) कीमत-स्तर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है।
c) सकल राज्य उत्पाद अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है।
d) सार्वजनिक वितरण की गुणता-अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है।

प्रश्न 86: 'नेशनल AI पोर्टल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY), राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (NeGD) और NASSCOM की एक संयुक्त पहल है।
2. यह भारत और उसके बाहर AI से संबंधित समाचार, अधिगम, लेख, घटनाओं और गतिविधियों के लिए एक केंद्रीय हब के रूप में कार्य करता है।
3. इस पोर्टल को 2019 में लॉन्च किया गया था।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 87: 'ग्रेट गैट्सबी कर्व' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है:

a) मुद्रास्फीति
b) बेरोजगारी
c) असमानता और अंतर-पीढ़ी गतिशीलता
d) इनमे से कोई नहीं

प्रश्न 88: निम्नलिखित में से कौन-से ओलम्पिक के तीन मूल्य हैं:

a) उत्कृष्टता, दोस्ती और सम्मान
b) उत्कृष्टता, दोस्ती और प्रतिष्ठा
c) निष्पक्षता, टीम निर्माण और समानता
d) अनुशासन, समावेश और दृढ़ता

प्रश्न 89: निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. एक आईएएस अधिकारी, संबंधित राज्य सरकार और केंद्र सरकार की सहमति से, केंद्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार के अधीन सेवा के लिए प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

2. यदि किसी कार्यालय के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्र और राज्य के बीच कोई असहमति है तो इस मामले पर निर्णय केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (CAT) द्वारा किया जाएगा।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 90: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्यसभा में केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व नहीं होता है।
2. चुनाव विवादों पर निर्णय करना मुख्य चुनाव आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में आता है।
3. भारत के संविधान के अनुसार, संसद में केवल लोकसभा और राज्य सभा शामिल होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 91: निम्नलिखित में से किस प्रजाति के सुंदरवन में सबसे अधिक देखे जाने की संभावना होती है?

1. भारतीय अजगर (Indian python)
2. इरावदी डॉल्फिन (Irrawaddy dolphin)
3. हंगुल (Hangul)
4. बाटागुर बास्का (Batagur baska)

निम्नलिखित विकल्पों में से सही का चयन कीजिए :

a) 1 और 2
b) 1, 2 और 3
c) 2 और 4
d) 1, 2 और 4

प्रश्न 92.

1. बाटागुर बास्का (Batagur baska)
2. इरावदी डॉल्फ़िन (Irrawaddy dolphins)
3. घड़ियाल

उपर्युक्त प्रजातियों में से कौन सी गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered) है/हैं?

a) केवल 1
b) 1 और 2
c) 1 और 3
d) 2 और 3

प्रश्न 93: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. नियंत्रक-महालेखापरीक्षक संविधान में निर्धारित एकमात्र प्राधिकरण है जिसे संघ और राज्यों के खातों की लेखापरीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
2. कार्यपालिका के पास नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा अधिदेश और उसके निष्पादन के संबंध में निर्देश देने की शक्तियाँ नहीं हैं।
3. लेखापरीक्षा के तहत केवल अनियमितता और नियमों, विनियमनों और आदेशों के उल्लंघन के महत्वपूर्ण मामलों की रिपोर्ट करना आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) 1 और 2
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 94: हाल ही में चर्चा में रहा युवा (YUVA) निम्नलिखित में से किसे संदर्भित करता है ?

a) 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं के लिए एक कौशल विकास कार्यक्रम
b) युवा और नवोदित लेखकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक लेखक परामर्श (Mentorship) कार्यक्रम
c) माध्यमिक शिक्षा हेतु लड़कियों को प्रोत्साहन की एक राष्ट्रीय योजना
d) इनमें में से कोई नहीं

प्रश्न 95: निम्नलिखित में से कौन सा/से संकेतक IFPRI द्वारा वैश्विक भुखमरी सूचकांक रिपोर्ट की गणना करने में प्रयुक्त होता है/ होते हैं?

1. अल्प-पोषण (Undernourishment)
2. बाल दुर्बलता (Child stunting)
3. बाल मृत्यु दर

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए ।

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) 1, 2 और 3
d) केवल 1 और 3

प्रश्न 96: राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. NSA एक निवारक निरोध कानून है जो केवल केंद्र को किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतिकूल किसी भी तरह से कार्य करने से रोकने के लिए उसे हिरासत में लेने का अधिकार देता है।
2. NSA के तहत, किसी व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के कारणों के बारे में पांच दिनों तक अंधेरे में रखा जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. दोनों
d. कोई भी नहीं

प्रश्न 97: 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013' के तहत निम्नलिखित में से कौन सी परिस्थिति/परिस्थितियाँ यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आ सकती है/हैं:

1. रोजगार में तरजीही व्यवहार का निहित या स्पष्ट वादा।
2. स्वास्थ्य या सुरक्षा को प्रभावित करने वाला संभाव्य अपमानजनक व्यवहार।
3. वर्तमान या भविष्य की रोजगार स्थिति के बारे में निहित या स्पष्ट खतरा।

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 2 और 3
d. उपर्युक्त सभी

प्रश्न 98: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र इकाई है।
2. IREDA ने 2020-21 में अब तक का कर-पूर्व उच्चतम वार्षिक लाभ (PBT) दर्ज किया था।
3. IREDA को एक "सार्वजनिक वित्तीय संस्थान" के साथ-साथ एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के रूप में अधिसूचित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 2 और 3
d. उपर्युक्त सभी

प्रश्न 99: 'कैंप डेविड समझौता' निम्नलिखित में से कौन से देशों से संबंधित है?

a. इज़राइल और मिस्र
b. इज़राइल और सऊदी अरब
c. इज़राइल और यूएई
d. इज़राइल और जॉर्डन

प्रश्न 100: किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा के निम्नलिखित में से कौन-से परिणामों का होना आवश्यक नहीं है?

1. राज्य विधान सभा का विघटन
2. राज्य के मंत्रिपरिषद् का हटाया जाना
3. स्थानीय निकायों का विघटन

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

## उत्तर सूची सेट 4

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. c | 11. c | 21. a | 31. c | 41. c | 51. d | 61. d | 71. a | 81. c | 91. d |
| 2. d | 12. c | 22. b | 32. c | 42. b | 52. d | 62. d | 72. d | 82. b | 92. c |
| 3. c | 13. d | 23. d | 33. c | 43. d | 53. b | 63. b | 73. c | 83. c | 93. b |
| 4. c | 14. c | 24. d | 34. d | 44. a | 54. b | 64. c | 74. b | 84. a | 94. b |
| 5. b | 15. c | 25. c | 35. b | 45. c | 55. d | 65. b | 75. c | 85. b | 95. c |
| 6. c | 16. a | 26. d | 36. a | 46. b | 56. a | 66. b | 76. a | 86. b | 96. b |
| 7. d | 17. b | 27. a | 37. b | 47. c | 57. d | 67. d | 77. c | 87. c | 97. d |
| 8. d | 18. a | 28. a | 38. d | 48. c | 58. b | 68. c | 78. c | 88. a | 98. d |
| 9. a | 19. c | 29. d | 39. c | 49. c | 59. a | 69. b | 79. c | 89. a | 99. a |
| 10. d | 20. b | 30. a | 40. a | 50. a | 60. c | 70. c | 80. b | 90. d | 100. b |